राजस्थान सरकार

# कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, चित्तौड़गढ़ (राज.)

(कार्यालय आयुक्त, नगर परिषद् एवं सदस्य सचिव (IRGY-Urban), चित्तौडगढ, रेल्वे फाटक के पास, चित्तौड़गढ़ पिनकोड–312001)
(ई–मेल आई. डी. irgy.urbanchittorgarh@gmail.com , वेब–साईट : www. chittorgarhmc.com )

क्रमांक / IRGY / 2022 / 4661–76 दिनांक :– 20/7/22

## संशोधित विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार के द्वारा की गयी मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत लागू इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना ( IRGY - Urban ) के तहत् स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा जारी मार्गदर्षिका के बिन्दु संख्या 10 अनुसार प्रत्येक नगरीय निकाय स्तर पर इस योजना का IRGY – Urban प्रकोष्ठ गठित करने के क्रम में निम्नांकित विशेषज्ञ संविदा कामिकों को नियोजन किये जाने हेतु चित्तौडगढ जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों ( नगर परिषद्, चित्तौडगढ और नगर पालिका, निम्बाहेडा / कपासन / बडीसादडी / बेगूँ / रावतभाटा, जिला चित्तौडगढ ) में निम्नानुसार ( As Per Department of Personnel (A.Gr.-II), Government of Rajasthan`s Notification No. F.17(4)DOP/A-2/2014 Jaipur, dated : 11-01-2022 ) पदों के लिए स्वायत्त शासन विभाग के पत्र क्रमांक प.10 (छ) ( )/भ.आ./डी.एल.बी./2022/287–319 दिनांकः– 05/07/2022 के अनुसार संविदा पर नियुक्ति हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित किये जाते है –

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | मानदेय (प्रति माह) रूपये में | नगर परिषद् चितौडगढ के लिए संविदा पदों की संख्या | नगर पालिका, निम्बाहेडा (नगर पालिका ग्रेड द्वितीय) के लिए संविदा पदों की संख्या | नगर पालिका, कपासन (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ)के लिए संविदा पदों की संख्या | नगर पालिका, बेगूँ (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ) के लिए संविदा पदों की संख्या | नगर पालिका, रावतभाटा (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ) के लिए संविदा पदों की संख्या | नगर पालिका, बडीसादडी (नगर पालिका ग्रेड चतुर्थ) के लिए संविदा पदों की संख्या | चितौडगढ जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों के लिए संविदा पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियान्त्रिकी में डिग्री / डिप्लोमा (उत्तीर्ण) | 20000 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 13 |
| 2 | लेखा सहायक | बी. कॉम. / सी. ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी) / ICWA (इन्टर) / कम्पनी सेक्रेटरी (इन्टर) (उत्तीर्ण) | 12000 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| 3 | M.I.S.मैनेजर | BCA (उत्तीर्ण) | 12000 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| 4 | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक (उत्तीर्ण) + RSCIT कोर्स (उत्तीर्ण) | 7500 | 4 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 15 |

आयुक्त
नगर परिषद, चित्तौड़गढ़

Scanned with CamScanner

संविदा पदों का वर्गीकरण (वर्गवार आरक्षण) :–

| क्र. सं. | संविदा पद का नाम | रिक्त पदों की सख्या | सामान्य | | | पिछड़ा वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अति पिछड़ा वर्ग | | | आर्थिक कमजोर वर्ग | | | भूतपूर्व सैनिक (Horizontal Reservation) | विशेष योग्यजन (Horizontal Reservation) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरुष | महिला | विधवा | पुरुष | महिला | विधवा | पुरुष | महिला | विधवा | पुरुष | महिला | विधवा | पुरुष | महिला | विधवा | पुरुष | महिला | विधवा | पुरुष | |
| 1 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक(डिग्री धारक 80%) | 10 | 4 | 1 | – | 2 | – | – | 1 | – | – | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | – | 1 | 1 |
| | कनिष्ठ तकनीकी सहायक(डिप्लोमा धारक 20%) | 3 | 3 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 |
| 2 | लेखा सहायक | 7 | 4 | 1 | – | 1 | – | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 |
| 3 | M.I.S. मैनेजर | 7 | 4 | 1 | – | 1 | – | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 |
| 4 | शहरी रोजगार सहायक | 15 | 6 | 2 | – | 3 | – | – | 2 | – | – | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | – | 1 | 1 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय शैक्षणिक/जाति प्रमाण–पत्र आदि दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 21/07/2022 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 01/08/2022 को सांय 05:00 बजे तक कार्यालय समय में व्यक्तिशः अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता के माध्यम से आयुक्त, नगर परिषद्, चितौडगढ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है अथवा इस कार्यालय की ई–मेल आई. डी. irgy.urbanchittorgarh@gmail.com पर भिजवा सकते है। इस आवेदन के सम्बन्ध में इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतियां आदि संलग्न की जावें। विज्ञप्ति से संबंधित अन्य सूचना/निर्देश नगर परिषद्, चितौडगढ की बेवसाईट www. chittorgarhmc.com पर प्राप्त की जा सकती है।

शर्तें एवं नियम :–

01. राज्य सरकार के द्वारा इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश इस विज्ञप्ति का भाग माने जावेगें।
02. इस योजना का प्रशासनिक विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार है।
03. इस योजनान्तर्गत उक्त संविदा पदों के वर्ग के वर्गीकरण एवं संविदा अनुबंध के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना/ आदेश/परिपत्र आदि के द्वारा प्रदत्त विभिन्न दिशा–निर्देश के तहत् आरक्षण रोस्टर के अनुसार है।
04. इस संविदा भर्त्ती हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।
05. इच्छुक अभ्यर्थी को अपना आवेदन–पत्र ए–4 साईज के कागज पर निर्धारित प्रारूप में, जिसमें आवेदक के नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, स्थाई पता, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी. सहित शैक्षणिक योग्यता के विवरण के साथ में इन शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि के प्रमाण / जाति प्रमाण–पत्र

आयुक्त
नगर परिषद, चित्तौड़गढ़

Scanned with CamScanner

आदि आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 21/07/2022 को प्रातः 10 बजे से दिनाक 01/08/2022 को सांय 5 बजे तक कार्यालय समय में जरिये व्यक्तिशः या पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के द्वारा अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता के माध्यम से आयुक्त नगर परिषद् चित्तौडगढ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है या इसमें उक्त निर्धारित अवधि के भीतर–भीतर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय संलग्नक आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणितप्रतियां आदि इस कार्यालय की ई–मेल आई. डी. irgy.urbanchittorgarh@gmail.com पर भिजवा सकते है। उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त कोई भी आवेदन स्वीकार योग्य नहीं होने से उन पर विचार नहीं किया जावेगा। साथ ही संबंधित इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा व्यक्तिशः प्रस्तुत आवेदन कार्यालय समय में एवं कार्यदिवसों को ही स्वीकार्य होगें।

06. इच्छुक आवेदक अभ्यर्थी को अपने आवेदन–पत्र के साथ में सक्षम अधिकारी के स्तर से जारीशुदा शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण , जन्म प्रमाण–पत्र ,मूल निवास प्रमाण–पत्र , जाति प्रमाण–पत्र , चरित्र प्रमाण–पत्र , स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतियां और अन्य दस्तावेज, जो भी आवश्यक हो, तद्नुसार उन सभी प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी है।

07. साथ ही अभ्यर्थी को विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र / अविवाहित होने, संतान, कोटपा के तहत् किसी प्रकार का नाम नहीं करने के संबंध में नियमानुसार पृथक–पृथक रूप से स्टाम्प पर नोटरी प्रमाणित सहित घोषणा–पत्र आवेदन–पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

08. इच्छुक अभ्यर्थी के आवेदन में सभी प्रविष्टियों पूर्ण होनी आवश्यक है और तद्नुसार सभी आवश्यक दस्तावेज, यथा– प्रमाण–पत्रों आदि की स्व–प्रमाणित प्रतियां आदि संलग्न होना आवश्यक है। इसमें अभ्यर्थी के अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

09. उक्त संविदा भर्त्ती पूर्णतया मेरिट पर आधारित है। इसके लिए साक्षात्कार हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

10. इसमें न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकत्तम आयु 40 वर्ष (दिनांक 01/06/2022 तक) एवं कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 11/01/2022 के अनुसार वर्ग की पात्रता अनुसार छूट देय होगी।

11. संविदा नियुक्ति प्रथमतः 31 मार्च, 2023 तक प्रभावी रहेगी।

12. संविदा अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट तैयार की जावेगी।

13. संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पद हेतु 80 प्रतिशत पद डिग्रीधारियों से तथा 20 प्रतिशत पद डिप्लोमा धारियों से भरे जावेंगे।

14. शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नातक + RSCIT के प्राप्तांको के आधार पर की जावेगी, परन्तु मेरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नातक डिग्री के प्राप्तांको के आधार पर ही किया जावेगा। RSCIT हेतु मेरिट में कोई प्रावधान नहीं है।

15. संविदा भर्त्ती वरीयता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदों के लिए कुल पदों का क्रमशः 20 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।

16. चित्तौडगढ जिले में इच्छुक आवेदक के पात्र और चयनित होने पर चित्तौडगढ जिले की केवल एक ही नगरीय निकाय में संविदा पद पर अनुबन्ध किया जावेगा, अन्यथा इसके अभाव में इच्छुक आवेदक के चित्तौडगढ जिले के अलावा अन्य किसी जगह पर आवेदन होना पाया जाने पर सभी संविदा अनुबन्ध निरस्त कर दिये जावेंगे।

आयुक्त
नगर परिषद, चित्तौड़गढ़

Scanned with CamScanner

17. उपरोक्त के साथ–साथ Rajasthan Contractual Hiring to Civil Post Rules, 2022 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इस विज्ञप्ति के माध्यम से इस कार्यालय के द्वारा संविदा पदों को भरने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है और तद्उपरान्त अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित की जावेगी।
18. इस योजनान्तर्गत चितौडगढ जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों में कार्मिकों की उक्त संविदा भर्त्ती की कार्यवाही में श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), चितौडगढ के स्तर से जारी स्वीकृति और निर्णय ही अन्तिम होगा, जो कि समस्त आवेदक अभ्यर्थियों को मान्य होगा।
19. संविदा से भरे जाने वाले पदों की भर्त्ती चितौडगढ जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों के लिए संविदा पदों की पदवार गणना कर चितौडगढ जिला स्तर पर ही की गयी है, जिसमें संविदा भर्त्ती नियम, 2022 के नियम 10 के अनुसार प्रावधित आरक्षण प्रावधानों की पालना की गयी है। पारदर्शिता हेतु चयन उपरान्त इनका आवंटन नगरीय निकाय को जरिए लॉटरी से किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार के विवेकाधिकार का स्थान नहीं हो।
20. उपरोक्तानुसार संविदा भर्त्ती किये जाने के उपरान्त नगरीय निकायों का आवंटन श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), चितौडगढ द्वारा पदवार वर्गावार लॉटरी से किया जावेगा।
21. उक्त संविदा भर्त्ती में संबंधित अभ्यर्थी के द्वारा आवेदित संविदा पद पर पात्रतानुसार मेरिट के आधार पर चयन के उपरान्त, उस कार्मिकों की संविदा पर नियुक्ति के लिए अनुबन्ध, उन्हें आवंटित नगरीय निकाय द्वारा सम्पादित किया जावेगा।
22. संविदा नियोजन पूर्णतया अस्थाई / संविदा कार्मिक की सेवायें संतोषप्रद नहीं होने पर संविदा से पृथक किया जा सकेगा।
23. इस योजना में इच्छुक अभ्यर्थी, राजस्थान में किसी भी योजना से अनियमित्ता / गबन / पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही के आरोपों में ब्लैकलिस्टेड, संविदा से पृथक किये अभ्यर्थी आवेदन के योग्य नहीं माने जावेंगे। चयनित अभ्यर्थी को अनुबंध के साथ इस आशय का शपथ भी प्रस्तुत करना होगा।
24. उक्त संविदा भत्ती में किसी तरह का विवाद होने की स्थिति में श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), चितौडगढ का ही निर्णय अन्तिम होगा। इसमें न्याय क्षेत्र चितौडगढ होगा।

जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक ( **IRGY - Urban** ) महोदय, चितौडगढ की आज्ञा से,

अतिरिक्त जिला कलक्टर
चितौडगढ
( जिला कलक्टर, चितौडगढ प्रतिनिधि– अध्यक्ष, चयन समिति )

क्रमांक / IRGY / 2022 / 4661-76

दिनांक : 20/7/22

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय / निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज., जयपुर।

आयुक्त
नगर परिषद, चित्तौड़गढ़

Scanned with CamScanner

2. श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय, उदयपुर / उपनिदेशक (क्षेत्रीय) महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, उदयपुर।
3. श्रीमान् जिला कलक्टर एवं परियोजना समन्वयक महोदय (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), चितौडगढ।
4. श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलक्टर /उपखण्ड अधिकारी/ सचिव, नगर सुधार न्यास / प्रभारी अधिकारी (सामान्य शाखा), कलेक्ट्रेट, चितौडगढ।
5. श्रीमान् उप वन संरक्षक एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), चितौडगढ।
6. श्रीमान् मुख्य अभियंता (सिविल) / वित्तीय सलाहकर / परियोजना निदेशक / संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क) / एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, निदेशालय, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता, नगर निगम उदयपुर।
8. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), चितौडगढ।
9. श्रीमान् कोषाधिकारी, चितौडगढ / उप विधि परामर्शी, कलेक्ट्रेट, चितौडगढ।
10. माननीय सभापति महोदय, नगर परिषद् चितौडगढ।
11. माननीय अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका, निम्बाहेडा, कपासन, बेगूँ, रावतभाटा, बडीसादडी जिला चितौडगढ।
12. अधिशाषी अधिकारी, पालिका, निम्बाहेडा, कपासन, बेगूँ, रावतभाटा, बडीसादडी जिला चितौडगढ।
13. अधिशाषी अभियंता (सिविल), नगर परिषद् एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), चितौडगढ।
14. सहायक लेखाधिकारी, नगर परिषद् एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), चितौडगढ।
15. अतिरिक्त निजी सचिव, जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), चितौडगढ।

( रविन्द्रसिंह यादव )
आयुक्त नगर परिषद् एवं
सदस्य सचिव ( **IRGY Urban** ), चितौडगढ

Scanned with CamScanner

प्रारूप

# आवेदन–पत्र

## इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY Urban_)

जिला :– चितौडगढ

| | |
|---|---|
| आवेदक का नाम :– | |
| लिंग (पुरूष / स्त्री) | |
| पिता / पति का नाम :– | |
| आवेदक की जन्म तिथि :– | |
| मूल निवासी :– | |
| पद जिसके लिए आवेदन :– | |
| आवेदक की शैक्षिणक योग्यता :– | |
| वर्ग :– | |
| मोबाईल नम्बर :– | |
| ई–मेल आई. डी. :– | |

| शैक्षणिक स्तर | वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय | प्राप्तांक | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक | | | | | |
| सी. सैकण्डरी | | | | | |
| डिग्री / डिप्लोमा | | | | | |
| अन्य योग्यता | | | | | |

आयुक्त
नगर परिषद, चित्तौड़गढ़

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम मय पत्र व्यवहार का पता

## शपथ ग्रहिता

मै शपथ पूर्वक बयान करता / करती हूँ कि उपरोक्त सूचनाऐं सत्य है एवं कोई भी तथ्य छुपाये नहीं गये है।

आवेदक के हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner